SWASTIK NEWS

सफीदों से प्रकाशित मासिक हिन्दी समाचार पत्र

# स्वास्तिक न्यूज

मुख्य संपादक: विनय दिवान (मो. 94160–73460) संपादक: अभिषेक दिवान (मो. 74047–09000)

swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | रविवार 21 जुलाई, 2024 | वर्ष:03 | अंक :09 | प्रति शुल्क:2/- | RNI No. HARHIN/2021/87376

https://swastiknewsharyana.in/ | //facebook.com/swastiknews | YouTube SWASTIKNEWS

स्वास्तिक न्यूज एजेंसी
नाम परिवर्तन, बेदखली वह अन्य किसी भी अंग्रेजी हिंदी अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
M: 7404709000
M: 9416073460

**मजबूरी**

## छात्रा पहनकर गई थी पहले वाली स्कूल ड्रेस

# स्कूल की वर्दी ना पहनने को लेकर की छात्रा की पिटाई

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

**पिता का हुआ था दो महीने पहले देहांत और मां है बीमार**

**सफीदों :** उपमंडल के गांव मुआना के राजकीय प्राईमरी स्कूल की एक 5वीं कक्षा की छात्रा को सही वर्दी पहनकर ना आने को लेकर शिक्षिका के द्वारा पीटने के आरोप उसके परिजनों के द्वारा लगाए गए हैं। परिजनों ने इस मामले में एक शिकायत ब्लाक शिक्षा अधिकारी सफीदों को दी है। हालांकि बीईओ सुरेश मलिक का कहना है कि स्कूल के प्रिंसिपल के द्वारा परिजनों के साथ मामला सुलझा लिया गया है। जबकि परिजनों का कहना है कि उनके बीच को कोई बातचीत नहीं हुई है और ना ही उनके पास कोई आया और ना ही उन्हे बुलाया गया है। पीड़ित छात्रा की मां केलो देवी का कहना कि स्कूल में कुछ समय पहले ही ड्रेस चेंज की गई थी। करीब 2 महीने पहले उसके पति की मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद परिवार में कोई कमाने वाला नहीं रहा और वह भी काफी समय से बीमार है और ठीक से चलने फिरने की स्थिति में नहीं है। पति की मौत के बाद खुद वह और सारा परिवार गहरे सदमें में हैं। जिसके कारण वह अपनी बेटी की हाल ही में नई लगाई गई ड्रेस को सिलवा ना सके और मेरी बेटी



पहले वाली ही ड्रेस पहनकर स्कूल में जा रही थी। इसको लेकर उसकी बेटी को स्कूल में लगातार परेशान किया जा रहा था। पिछले चार दिन से उसकी बेटी को क्लास में इसको लेकर मारा जा रहा था। पांचवे दिन बेटी ने घर आकर रोते-रोते सारी बातें बताई। उसकी छोटी सी बेटी को हाथों पर मारा गया था और उसके हाथ लाल हुए पड़े थे। 10-12 दिन पहले भी स्कूल प्रशासन से मिलने के लिए मेरी जेठानी स्कूल में गई थी लेकिन वहीं सिलसिला लगातार जारी रहा।

बेटी के द्वार घर पर आकर सारी बात बताने पर मैने अपने जेठ के लड़के पवन को स्कूल में भेजा और स्कूल प्रशासन ने उसे संतुष्ट करने की बजाए उसके साथ भी अभद्रता की गई। केलो देवी का कहना था कि उसका परिवार बेहद गरीब है और पति की मौत के बाद परिवार की स्थिति ओर अधिक बिगड़ गई है। वह भी बिमारी के कारण इस स्थिति में नहीं है कि कुछ कमाकर ला सके। उसके घर का थोड़ा बहुत संचालन रिश्तेदारी व परिवार के लोग कर रहे हैं। उसके 3 लड़के व 2 लड़कियां है और परिवार का पालन-पोषण करना बेहद मुश्किल हो रहा है। ऐसे में वह एकदम से ड्रेस कहां से सिलवाए।

स्कूल प्रशासन उसकी मजबूरी को कतई नहीं समझ रहा है और मेरी बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। केलो देवी के जेठ के लड़के पवन ने बताया कि बच्ची के सिर से पिता का साया उठ चुका है और मां बीमार है और परिवार की माली हालत बेहद खस्ता है।

ऐसे में एक बच्ची को तंग करना कहां तक न्यायोचित है। पवन ने बताया कि वह स्कूल में जाकर टीचर से मिला था लेकिन वहां उसे भी अभद्रता का सामना करना पड़ा। पवन का आरोप यह भी था कि स्कूल में पढ़ाई नाम की कोई चीज नहीं है। स्कूल में बच्चों के लिए पीने के पानी, शौचालय, स्वच्छता की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। परिवार का कहना था कि उन्होंने बीईओ सफीदों को इस संबंध में शिकायत दी थी लेकिन वहां से कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। मां केलो देवी व परिजनों ने साफ किया कि अगर उन्हे यहां से न्याय नहीं मिला तो वे इस मामले में एसडीएम सफीदों, उपायुक्त जींद, पुलिस अधीक्षक जींद, जिला शिक्षा अधिकारी व शिक्षा मंत्री हरियाणा से मिलेंगे। जब तक उनकी बच्ची को इंसाफ नहीं मिल जाता तक तक वे चैन से बैठने वाले नहीं है।

### क्या कहते है बीईओ

इस मामले में बीईओ सुरेश मलिक का कहना है शिकायत मिलने पर उन्होंने प्रिंसिपल से बात की थी। प्रिंसिपल ने बताया कि परिजनों को बुलाकर मामले का समाधान करके उन्हे संतुष्ट किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ।।।

### हार्दिक पांड्या पर बड़ा खतरा मंडराया, मुंबई इंडियंस के कप्तान भी नहीं रहेंगे?



स्वास्तिक न्यूज/सुमिता बेरवाल

**नई दिल्ली।** श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया का स्क्वाड सामने आने से विवाद भी खड़ा हो गया है। टीम की कप्तानी को लेकर लोग 2 गुटों में बंट गए हैं। टी20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव को सौंपी गई है। मगर सवाल खड़ा हो चला है कि हार्दिक पांड्या लीडर बनने की रेस में हैं भी या नहीं? टी20 वर्ल्ड कप 2024 में लाजवाब प्रदर्शन के बाद भी हार्दिक को कप्तानी से नजरअंदाज कर दिया गया है। ऐसे में आईपीएल में पांड्या की मुंबई इंडियंस में कप्तानी पर भी सवाल उठने लगे हैं।

#### आईपीएल में हार्दिक की राह मुश्किल

हार्दिक पांड्या ने आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस में वापसी की थी। रोहित शर्मा को हटाकर उन्हें टकका कप्तान बनाया गया। मगर अब एक जटिल समस्या यह उत्पन्न हो चली है कि टीम इंडिया के नए टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव भी मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हैं। चूंकि आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन पास आ रहा है, ऐसे में टकको सूर्या को भी बहुत बड़ा ऑफर देना पड़ सकता है। सूर्यकुमार यादव को रिटेन करने के लिए टकफ्रैंचाइजी को भारी भरकम राशि लुटानी पड़ सकती है।

#### क्या हार्दिक से छिन जाएगी कप्तानी?

हालांकि BCCI ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि कोई एक टीम कितने खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। रिपोर्ट अनुसार एक टीम 4 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है, जिनमें से 3 भारतीय और एक विदेशी खिलाड़ी शामिल होगा। अगर अंत तक स्थिति यही बनी रही तो मुंबई इंडियंस के सामने सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को रिटेन करने का भी विकल्प खुला होगा। जब आईपीएल 2024 में हार्दिक को कप्तानी सौंपी गई तब टकके टीम मैनेजमेंट का वातावरण बिगड़ने की खबर सामने आई थीं।।

#### क्या भारतीय टीम में जगह पक्की?

हार्दिक पांड्या को कप्तानी नहीं मिली है, ऐसे में उनकी टीम इंडिया में जगह पर भी सवाल उठने लाजिमी हैं। तब क्या होगा यदि पांड्या श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में बढ़िया प्रदर्शन नहीं कर पाए। गौतम गंभीर के हेड कोच बनने के बाद भारतीय टीम के अंदर उतार-चढ़ाव होने लगे हैं। अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी होनी है और श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में हार्दिक द्वारा भाग ना लेना भी उनके भविष्य को लेकर चिंता पैदा कर रहा है।

**डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व समाज के लोगों ने सीएम नायब सैनी को किया गदा गिफ्ट**

# सीएम सैनी ने लहराया गदा

## महाराजा दक्ष जयंती समारोह में डिप्टी स्पीकर ने किया भेंट; महिलाओं-पुरुषों की भीड़ उमड़ी








स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

**हिसारः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज (20 जुलाई) हिसार में हैं। वे यहां महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती पर आर्य नगर स्थित गुरु दक्ष आईटीआई में चल रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री डॉ। कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, भाजपा नेता रामबिलास शर्मा, हांसी विधायक विनोद भयाना भी मंच पर मौजूद हैं। कार्यक्रम में प्रदेश भर से महिलाएं और पुरुष पहुंचे हुए हैं। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

दक्ष जयंती समारोह में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व समाज के लोगों ने सीएम नायब सैनी को गदा भेंट किया और उनका जोरदार स्वागत किया। सीएम ने गदा को भेंट स्वरूप स्वीकार करके उसे हवा में लहराया। इस पर लोगों ने जमकर तालियां बजाई।

### भाजपा जनहित के कामों में लगी : मंत्री कमल गुप्ता

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश भर से दक्ष समाज के लोग हिसार आए हैं, उनका स्वागत करता हूं। बीजेपी पार्टी जब से सत्ता में आई है, देश भक्तों, महा पुरुषों की जयंती बना रही है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने 1.80 लाख रुपए से कम आमदनी वाले परिवारों का फ्री इलाज का तोहफा दिया है। 2 हजार करोड़ रुपए आयुष्मान योजना के तहत दिए हैं।

लाल डोरे की जमीन मालिकाना हक दिया है। सरकार जनहित में लगातार काम कर रही है।

डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने बताया कि महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती हिसार में पहली बार राज्य स्तर पर मनाई जा रही है। जयंती समारोह को लेकर लोगों में अच्छा खासा उत्साह है। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग समारोह में पहुंचे हुए हैं।

### रोडवेज बसों की कमी, यात्री परेशान

हरियाणा रोडवेज की बसों को समारोह में लोगों को लाने के लिए लगाया गया है।

हिसार डिपो में 259 बसें हैं और इनमें से सीएम के समारोह के लिए 144 बसों को विभिन्न रूटों से हटाकर लोगों को लाने के लिए भेजा गया। बसः स्टैंड पर बसों की कमी से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं अनेक लोकल रूटों पर भी रोडवेज की बसें नहीं चली।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

हिसार में सीएम के आगमन को देखते हुए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। एसपी दीपक सहारण ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली है। आमजन को समस्या न हो, इसके लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। शनिवार को दोपहर 2 बजे तक आर्य नगर से होकर बालसमंद जाने वाला रास्ता साउथ बाइपास से लेकर एनएच 52 ओवरब्रिज तक आंशिक रूप से बाधित रह सकता है। आमजन असुविधा से बचने के लिए इस रूट का प्रयोग करने से बचें।

**अपराध**

## सोते हुए व्यक्ति पर चढ़ाई गाड़ी, मौत, मामला दर्ज

स्वास्तिक न्यूज/विशाल

**सफीदों :** उपमंडल के गांव गांगोली के पास सोते हुए एक व्यक्ति पर गाड़ी चढ़ गई। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृत्तक की पत्नी के ब्यान पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दिए ब्यान में सुसारी निवासी टेबो जिला पश्चिमी सिंहभूम (झारखण्ड) ने कहा कि वह अपने पति सतरी होरो के साथ पिछले 5 महिनों से गांव गागोली-मोरखी सडक मार्ग पर बनी हैचरी में मजदूरी का काम करते हैं और काम करके हैचरी के अंदर ही रहते हैं।

रात के करीब 2 बजे मैं व मेरा पति व मेरा लडका हैचरी के अंदर ही साईड पर लगे पंखे के नीचे सो गए। करीब 3 बजे एकदम मेरे को एक गाड़ी ने टक्कर दे मारी। मैने एकदम उठकर देखा तो मेरे पति सतरी होरो के ऊपर गाड़ी का टायर चढ़ा हुआ था। मैने जोर से आवाज लगाई तो हैचरी में काम करने वाले अन्य लोग दौड़कर आए और सतरी होरो को गाड़ी के टायर के नीचे से निकाला और गाड़ी का प्रबंध करके उसे सरकारी अस्पताल जींद ले जाया गया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह हादसा गाड़ी के चालक राजेश निवासी गांव गांगोली के द्वारा अंजाम दिया गया। ब्यान के आधार पर पुलिस भारतीय न्याय संहिता की धारा 106, 281, 125 (ए) के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का यूपी में एक्सीडेंट, तेज रफ्तार गाड़ी ने पीछे से मारी कार में टक्कर

स्वास्तिक न्यूज/ संवाददाता

**पीलीभीत।** लोकसभा सीट से सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद का एक्सीडेंट हुआ है। जितिन प्रसाद अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत में ही हादसे का शिकार हो गए। जिस समय हादसा हुआ, वह पीलीभीत के दौरे पर निकले थे।

जितिन प्रसाद की कार को पीछे से तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। हालांकि, इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। जितिन प्रसाद के साथ-साथ हादसे की चपेट में आए उनके साथ अन्य लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हादसे के बाद जितिन प्रसाद दूसरी गाड़ी से अपने दौरे के लिए रवाना हो गए थे। बताया जा रहा है कि, जितिन प्रसाद की कार को पीछे से जिस तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मारी तो वह उनके काफिले में ही शामिल गाड़ी थी।



बताया जाता है कि, जब पीलीभीत में मझोला से बहरवा रूट पर जितिन प्रसाद का काफिला तेज रफ्तार में गुजर रहा था तो इसी दौरान जितिन प्रसाद की कार के आगे सुरक्षा में तैनात चल रही एस्कॉर्ट गाड़ी ने अचानक ब्रेक ले लिया। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री की कार ने भी आनन-फानन में ब्रेक मारने की कोशिश की और इसके साथ ही कार की एस्कॉर्ट गाड़ी से टक्कर हो गई। इसी दौरान मंत्री के पीछे चल रही कार भी आकर पीछे से टकरा गई। इससे केंद्रीय राज्य मंत्री की कार पीछे और आगे दोनों तरफ से क्षतिग्रस्त हो गई। बता दें कि, जितिन प्रसाद के पास बतौर केंद्रीय राज्य मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कार्यभार है। इसके साथ ही उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कार्यभार भी सौंपा गया है। जितिन प्रसाद काफी चर्चित नेता हैं और वह कॉंग्रेस में रहने के दौरान भी केंद्र में मंत्री रह चुके हैं। जितिन राहुल गांधी के करीबी माने जाते थे और ज्योतिरादित्य सिंधियां गुट के थे। ज्योतिरादित्य सिंधियां के कॉंग्रेस छोड़ने और बीजेपी में शामिल होने के बाद जितिन प्रसाद भी बीजेपी में शामिल हो गए थे। जितिन प्रसाद यूपी की योगी सरकार में भी मंत्री बने थे। लेकिन लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उन्होंने मंत्री और विधान परिषद सदस्य से इस्तीफा दे दिया था।

## स्वास्थ्य सेवा के नाम पर ठेंगा, सिविल अस्पताल में मरीजों ने किया हंगामा

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया

**पानीपत।** सिविल अस्पताल में शुक्रवार को मरीजों ने हंगामा कर दिया। मरीजों का आरोप है कि पूरे जिले में केवल सिविल अस्पताल में ही अल्ट्रासाउंड की दो मशीनें हैं। शुक्रवार को दोनों रेडियोलॉजिस्ट के कोर्ट में केस होने की वजह से मरीजों के अल्ट्रासाउंड नहीं हुए। मरीजों का कहना है कि प्रबंधन अधिकारियों से भी मिले, लेकिन बात नहीं सुनी गई। इससे गुस्साए लोगों ने अस्पताल परिसर में ही हंगामा शुरू कर दिया। प्रबंधन अधिकारियों के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गई। स्वास्तिक न्यूज के रिपोर्टर सुनिल कमानिया को मिली जानकारी के मुताबिक, उग्राखेड़ी के रहने वाले सूरज, छाजपुर के मोहित, विकास नगर की रहने वाली रानी, वार्ड-24 की सुनीता, राधा और मतलौडा की रहने वाली सिमरन ने अपनी शिकायत में कहा कि अगर डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद नहीं है, तो इस बारे में नोटिस बोर्ड पर लिखा जाए। मरीज अस्पताल के चक्कर न लगाए और उनका समय खराब न हो। शुक्रवार जब अल्ट्रासाउंड नहीं हुए तो उस समय 70 से ज्यादा गर्भवती और मरीज बिना अल्ट्रासाउंड के वापस लौट गए थे। दूसरी तरफ समालखा अस्पताल में 8 महीने से अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं लगी हैं, अब तक इस बारे में सिर्फ प्लानिंग चल रही है।

### पूरे जिले में मिली केवल 2 ही अल्ट्रासाउंड की मशीनें

मरीजों की हालत इतनी खराब है कि पूरे जिले में सिविल अस्पताल में ही अल्ट्रासाउंड की दो मशीनें हैं। जिनमें एक मशीन 2 महीने से खराब पड़ी है। ऐसे में पूरे जिले के अल्ट्रासाउंड की जिम्मेदारी केवल एक मशीन पर है। स्थिति यह है कि एक दिन में केवल 40 अल्ट्रासाउंड हो सकते हैं। जबकि 80 से ज्यादा लोगों को इसकी जरूरत है। दूसरी परेशानी रेडियोलॉजिस्ट को लेकर है क्योंकि सिर्फ 2 या 3 दिन ही रेडियोलॉजिस्ट मिल पाते हैं।

**सिरसा से कांग्रेस सांसद शैलजा ने नई इंटरसिटी ट्रेन शुरू करने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्रा**

# 'नवनिर्मित रेल लाइन हांसी-महम-रोहतक-नई दिल्ली के बीच नई इंटरसिटी ट्रेन चलाई जाएँ'

स्वास्तिक न्यूज/सुमिता बेरवाल

**चंडीगढ़ः** सिरसा ोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की सांसद कुमारी सैलजा ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा है कि नवनिर्मित रेल लाइन हांसी-महम-रोहतक-नई दिल्ली के बीच नई इंटरसिटी ट्रेन चलाई जाए, ऐसा करने से सिरसा और अन्य जिलों के यात्रियों को समय की बचत होगी और वे दिल्ली से एक ही दिन में आना जाना कर सकते हैं।

सांसद ने रेल मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र सिरसा शहर की विभिन्न संस्थाओं आदर्श रेजिडेंशियल वेलफेयर कमेटी, भाईचारा न्यू हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, अंतरराष्ट्रीय दर्शक-श्रोता संघ सिरसा, हैला सिरसा, सामुदायिक रेडियो श्रोता





संघ सिरसा, ग्रीन मिशन सिरसा, अखिल भारतीय अरोडा एकता परिवार सिरसा, ओथ कमिश्नर एसोसिएशन सिरसा, टाइपिस्ट एसोसिएशन सिरसा, सर्वधर्म एकता कमेटी सिरसा, जिला बार एसोसिएशन सिरसा सहित अन्य संस्थाओं की ओर से उन्हें पत्र लिखकर मांग की है कि इस वर्ष फरवरी में हांसी-महम-रोहतक 72 किमी लंबी लाइन को शुरू किया गया है, लोगों की मांग है कि सिरसा से सुबह 4:30 बजे सिरसा से हिसार, हांसी, महम, रोहतक, नई दिल्ली के बीच नई इंटरसिटी ट्रेन चलाई जाए जो सुबह 9:00 दिल्ली पहुंचे और शाम 5:00 बजे चलकर रात्रि 10: 00 बजे सिरसा पहुंचे। ताकि आम आदमी और व्यापारी वर्ग आठ घंटे में अपना काम कर घर वापस लौट सके। कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा से नई दिल्ली तक इस रूट की दूरी 247 किमी है और यह दूरी 4:30 घंटे में तय हो सकती है, ये रूट सिरसा से दिल्ली तक का सबसे छोटा रूट है, इस रूट पर सिरसा से महम दिल्ली रूट पर एक भी रेलगाड़ी नहीं है। सिरसावासियों के साथ साथ हिसार, हांसी, रोकतक के लोग नई दिल्ली तक पहली बार इस रूट से जुड़ेंगे और दिल्ली आने जाने में उन्हें आसानी होगी। इस इंटरसिटी ट्रेन में एक थर्ड एसी, एक एसी चेयर कोच की व्यवस्था भी करवाई जाए। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं की मांग है कि बठिंडा से दिल्ली के बीच चलने वाली गाड़ी 14731/32 का टाइम सुबह बठिंडा से चलने का समय 5:00 बजे के बजाए पुराना समय 6:50 किया जाए ताकि कालांवाली व सिरसा के लगभग दो हजार बच्चे सुबह कालेज समय में सुबह 8:00 बजे सिरसा ओर हिसार पहुंच सके।

### जनता है परेशान नहीं मिल रहा है समाधान

सैलजा ने कहा कि जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग में जब जेई, एसडीओ व एक्सईएन तक नहीं है लोगों की शिकायतों का समाधान कैसे होगा? जनता की परेशानियों को अनदेखा करना भाजपा सरकार की पहचान बन चुकी है। विकास के नाम पर भाजपा की झोली में केवल झूठे वायदे और झूठी तस्वीरों के सिवाय कुछ नहीं है। बरसाती सीजन में हरियाणा के अधिकतर शहरों में जलभराव की शिकायतें आ रही हैं जुमला सरकार ने स्मार्ट सिटी बनाते-बनाते शहरों की हालत बिगाड़ दी है। अब जनस्वास्थ्य विभाग जिन पर पानी निकासी वह पेयजल की जिम्मेवारी है वहां अधिकारी और कर्मचारियों की कमी है जिस कारण जनता की शिकायतों का अनेक दिनों तक समाधान नहीं होता। ऐसा लगता है कि सरकार ने जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है। और सरकार का जनता के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है। जो लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है।।



**श्रद्धा** गुरुगुरुओं का वंदन और उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाने वाला पर्व है ' गुरु पूर्णिमा'

# 'मनुष्यों के जीवन निर्माण में गुरुओं की अहम भूमिका'

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

गुरु पूर्णिमा भारत में अपने आध्यात्मिक या फिर अकादमिक गुरुओं के सम्मान में, उनके वंदन और उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाने वाला पर्व है। हम सब मनुष्यों के जीवन निर्माण में गुरुओं की अहम भूमिका होती है। ऐसे में माना जाता है कि जिन गुरुओं ने हमें गढ़ने में अपना योगदान दिया है, उनके प्रति हमें कृतज्ञता का भाव बनाए रखना चाहिए और उसे जाहिर करने के दिन के तौर पर ही गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाता है।

हिंदुओ की परंपरा के मुताबिक आषाढ़ के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार गुरु पूर्णिमा को महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म दिवस माना जाता है। उनके सम्मान में इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। शास्त्रों में यह भी कहा जाता है कि गुरु पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेदव्यास ने चारों वेद की रचना की थी और इसी कारण से उनका नाम वेद व्यास पड़ा। भारत में प्राचीन काल से ही गुरुओं की भूमिका काफी अहम रही है। चाहे प्राचीन कालीन सभ्यता हो या आधुनिक दौर, समाज के निर्माण में गुरुओं की भूमिका को अहम माना गया है। उनकी इस भूमिका को सरल और गूढ़ रूप में संत कबीरदास ने अपने दोहे के माध्यम से भी दशार्या है। अपने दोहे में संत कबीरदास ने गुरुजनों के महत्व को श्रेष्ठ दर्जा दिया है।

**वे लिखते हैं-**

गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय।
बलिहारी गुरु अपने, गोविंद दियो बताए।

यानी गुरु और गोविंद (भगवान) एक साथ खड़े हों तो किसे प्रणाम करना चाहिए- गुरु को या गोविंद को?

फिर अगली पंक्ति में उसका जवाब देते हैं। वे लिखते हैं कि ऐसी स्थिति हो तो गुरु के चरणों में प्रणाम करना चाहिए, क्योंकि उनके ज्ञान से ही आपको गोविंद के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

कबीरदास ने गुरु की महिमा को एक दोहे के माध्यम से समझाया है।

**वे लिखते हैं-**

गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरु बिन मिलै न मोष।
गुरु बिन लखै न सत्य को, गुरु बिन मिटै न दोष।।

इस दोहे में कबीरदास ने आम लोगों से कहा है कि गुरु के बिना ज्ञान का मिलना असंभव है।

जब तक गुरु की कृपा प्राप्त नहीं होती, तब तक कोई भी मनुष्य अज्ञान रूपी अधंकार में भटकता हुआ माया मोह के बंधनों में बंधा रहता है, उसे मोक्ष (मोष) नहीं मिलता। गुरु के बिना उसे सत्य और असत्य के भेद का पता नहीं चलता, उचित और अनुचित का ज्ञान नहीं होता।

पौराणिक कथाओं के मुताबिक जगत गुरु भगवान शिव ने इसी दिन से सप्तऋषियों को योग सिखाना शुरू किया था।

आधुनिक दौर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने अध्यात्मिक गुरु श्रीमद राजचंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए भी गुरु पूर्णिमा का दिन ही चुना था।

गुरु पूर्णिमा का त्योहार भारत ही नहीं बल्कि नेपाल और भूटान में भी बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।

नेपाल में गुरु पूर्णिमा को शिक्षक दिवस के तौर पर मनाया जाता है, हालांकि भारत में शिक्षक दिवस गुरु पूर्णिमा के दिन नहीं बल्कि प्रत्येक वर्ष पांच सितंबर को मनाया जाता है।

बौद्ध धर्म को मानने वाले गुरु पूर्णिमा भगवान बुद्ध की याद में मनाते हैं। इनकी मान्यता के मुताबिक भगवान बुद्ध ने इसी दिन उत्तर प्रदेश के सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था। मान्यता है कि इसके बाद ही बौद्ध धर्म की शुरूआत हुई थी।



विनय दिवान

# सावन महीने का महत्व

स्वास्तिक न्यूज/अनु शर्मा



श्रावण मास का प्रत्येक दिन बेहद फलदायी है, लेकिन उससे भी ज्यादा श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार के दिन विशेष महत्व होता है। कहा जाता है कि जो व्यक्ति सावन के सोमवार का व्रत करता है उसके वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहती है। साथ ही, उस व्यक्ति को जीवन में सुख समृद्धि की कमी भी नहीं रहती है। मान्यता है कि सावन के महीने में की गई पूजा से भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं। यही नहीं सावन के सोमवार का व्रत करने से कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होती है। साथ ही व्यक्ति का स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहता है।

## करें ये ज्योतिषीय उपाय

**दांपत्य जीवन:** सावन के महीने में पति-पत्नी को साथ मिलकर पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए। ऐसा करने से दांपत्य जीवन में आने वाली सभी समस्याओं का निवारण होता है और पति पत्नी के बीच संबंध मधुर होते हैं।

**आर्थिक स्थिति:** अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए सावन के सोमवार के दिन भोलेनाथ का अनार के रस से अभिषेक करें। साथ ही भगवान शिव और माता पार्वती को केसर से बनी खीर का भोग लगाएं। इससे जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं होती है।

**मनोकामना पूर्ति:** सावन के महीने में प्रतिदिन 11 व 21 बिल्वपत्रों पर चंदन से 'ॐ नम: शिवाय' लिखकर शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए। इसे मान्यता है कि इससे व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं।

**रोजगार-कारोबार:** सावन के किसी भी सोमवार के दिन माता पार्वती को चांदी की पायल चढ़ाएं। इससे नौकरी व व्यापार की बाधाएं दूर होती हैं और इसमें तरक्की होती है।

# जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालु तीसरी सीढ़ी पर क्यों नहीं रखते पैर, यमराज से जुड़ा है राज

स्वास्तिक न्यूज/ विशाल



दुनियाभर के प्रचलित मंदिरों में से एक जगन्नाथ मंदिर भी शामिल है। यहां रोजाना हजारों की संख्यों में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।मंदिर में कई ऐसे रहस्य जो आज भी राज बने हुए हैं, जिन्हें वैज्ञानिक भी सुलझा नहीं पाए हैं। हिंदू धर्म में जगन्नाथ यात्रा का विशेष महत्व बताया गया है। जगन्नाथ मंदिर अपनी मान्यताओं के साथ-साथ कई रहस्यों की वजह से भी जाना जाता है। मंदिर में आज भी कई ऐसे चमत्कार होते हैं, जिनका पता वैज्ञानिक भी नहीं लगा पाएं हैं। पौरणिक मान्यताओं के अनुसार जगन्नाथ मंदिर को धरती पर बैकुंठ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के दर्शन मात्र से ही व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं और सारे पापों का नाश हो जाता है।

## जानें जगन्नाथ मंदिर से जुड़े कुछ रहस्यों के बारे में

बताया जाता है कि जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करते ही समुद्र की लहरों की आवाज सुनाई नहीं देती। लेकिन जैसे ही कोई व्यक्ति मंदिर से बाहर आता है, तो लहरों की आवाज फिर से सुनाई देने लगती है। ऐसी कहा जाता है कि देवी सुभद्रा की ये इच्छा थी कि मंदिर में प्रवेश करते ही लोगों का मन शांति हो जाए।

## मंदिर की तीसरी सीढ़ी का रहस्य

मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के दर्शन करके लोगों के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। ये देखकर यमराज जगन्नाथ के पास पहुंचे और कहा कि भगवान आपने पाप मुक्ति का ये बहुत सरल उपाय बताया है। लोग आपके दर्शन करके पाप मुक्त हो जाते हैं और कोई भी अब यमलोक नहीं आता। यमराज की ये बात सुनकर भगवान जगन्नाथ ने कहा कि आप मंदिर के मुख्य द्वार की तीसरी सीढ़ी पर अपना स्थान ग्रहण करें। इस सीढ़ी को यमशिला के नाम से जाना जाएगा और जो भी व्यक्ति मेरे दर्शन के बाद उस सीढ़ी पर पैर रखेगा उसके साथ पुण्य क्षीर्ण हो जाएंगे और उसे यमलोक जाना पड़ेगा।

## मंदिर के ऊपर नहीं उड़ते पक्षी

कहते हैं कि जगन्नाथ मंदिर के ऊपर से न तो कोई पक्षी उड़ सकता है और न ही कोई विमान। इस रहस्य को मंदिर से जुड़ा रहस्य माना जाता है, और लोगों को आज तक इसका कारण नहीं चल पाया है।

## मंदिर की छाया

जगन्नाथ मंदिर की छाया दिखाई नहीं देती। अगर मंदिर पर सूर्य की रोशनी पड़ती भी है, तो इसकी छाया नजर नहीं आती।ये भी एक प्रकार का रहस्य है, जो मंदिर से जुड़ा है। इस रहस्य का पता अभी नहीं लगाया जा सका है।

## विपरीत दिशा में लहराता है झंडा


जगन्नाथ मंदिर के शिखर पर स्थित झंडा हमेशा विपरीत दिशा में लहराता है। आमतौर पर हवा समुद्र से धरती की तरफ चलती है और शाम को इसके विपरीत लेकिन झंडा हमेशा विपरीत दिशा में लहराता दिखाई देता है।।

# हिंदी साहित्य में आदिकाल : एक चिंतन' विषय पर वेबिनार का हुआ आयोजन

**असन्ध।** जीवन एक बहता दरिया और हिंदी सेवा समूह हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में वेबिनार आयोजित किया गया । 'हिंदी साहित्य में आदिकाल : एक चिंतन' विषय पर आयोजित इस वेबिनार का संयोजन एवं संचालन नगर के प्रतिष्ठित कवि एवं संस्कृत प्रवक्ता भारत भूषण वर्मा ने किया । हिंदी सेवा समूह के संयोजक एवं पूर्व राजभाषा प्राध्यापक डॉ अशोक गिरि ने सह-संयोजक की भूमिका निभाई । भारत भूषण वर्मा ने बताया कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हिंदी भाषा के विकास-क्रम में इसके इतिहास को जानना अति आवश्यक है । हिंदी साहित्य के आदिकाल को वीरगाथा काल एवं बीजवपन काल जैसे कहीं नाम से जाना जाता है । इसी कड़ी में आदिकाल के दौरान हिंदी की स्थिति एवं प्रवृत्तियों पर परिचर्चा की गई जिसमें पूर्व उपनिदेशक शिक्षा उत्तर प्रदेश से डॉ. पुष्पा रानी वर्मा, रायपुर छत्तीसगढ़ से सहायक प्राध्यापिका डॉ. संजू साहू पूनम , राजकीय महाविद्यालय भूपतवाला हरिद्वार से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अर्चना रानी वालिया तथा बरेली से महेश प्रसाद शर्मा ने आदिकाल के विषय में चर्चा एवं परिचर्चा में भाग लिया । आदिकाल के दौरान रचे गए रासो काव्य परंपरा के साथ सिद्ध, नाथ, बौद्ध एवं जैन साहित्य पर भी चर्चा की गई । अंत में संयोजक भारत भूषण वर्मा ने सभी के धन्यवाद से कार्यक्रम का समापन किया।



# वृन्दावन में हरियाली तीज: उत्सव और महत्व



भारत को उसकी अनूठी पहचान देने वाले कई त्यौहार और उत्सव श्री कृष्ण के लीला क्षेत्र वृंदावन में एक नया आयाम पाते हैं। हरियाली तीज एक ऐसा त्यौहार है जिसका पवित्र ब्रज में विशेष महत्व है। वृंदावन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक लोकाचार में गहराई से समाया यह त्यौहार मानसून के दौरान महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला एक रंगारंग कार्यक्रम है। श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरियाली तीज या हरियाली तृतीया के रूप में मनाया जाता है।

इस शुभ दिन पर बांकेबिहारी जी चंदन से बने भव्य हिंडोला पर झूलते हैं, जो सजावटी चांदी और सोने से मढ़ा जाता है। यह वर्ष का एक विशेष दिन है जब भगवान अपने भक्तों को निरंतर दर्शन देते हैं। यह त्योहार वृंदावन के कई मंदिरों में बहुत जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। पवित्र ब्रज के कई अन्य मंदिरों को हरे रंग की छटा और रंग-बिरंगे झूलों से सजाया जाता है। इन मंदिरों में राधावल्लभ, रासबिहारी निकुंजविहारी, राधारमण, गोदाविहार, राधा दामोदर, युगलकिशोर और राधा श्यामसुंदर शामिल हैं। वृंदावन के मंदिरों में झूलन पूर्णिमा तक विशेष कार्यक्रम होते हैं जब मूर्तियों को गर्भगृह या 'गर्भ गृह' से बाहर लाया जाता है और श्री कृष्ण की हिंडोला लीला का महिमामंडन करने वाले भजनों की भक्ति धुनों पर झूला झूलाया जाता है।

श्री कृष्ण की मूर्तियों को जटिल रूप से डिजाइन किए गए वस्त्रों और बांसुरी, माला, मुकुट और पायल जैसे सुंदर सामानों से सजाया जाता है। हरियाली तीज का उत्सव श्री कृष्ण की पसंदीदा शगल को दशार्ता है जो पवित्र ब्रज के हरे-भरे जंगलों में अपनी पत्नी राधा रानी के साथ सुंदर झूलों पर झूलना था।

हरियाली तीज शंकर महादेव और उनकी पत्नी पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक है। तीज शिव के दिल और दिमाग को जीतने के लिए पार्वती के बलिदान का प्रतीक है। महादेव द्वारा उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करने से पहले, उन्होंने भगवान शिव के प्रति अपने प्रेम, भक्ति और लगाव को दशार्ने के लिए 108 वर्षों तक कठोर व्रत रखा था। कुछ हिंदू धर्मग्रंथों से पता चलता है कि पार्वती ने पार्वती के रूप में फिर से जन्म लेने से पहले 107 बार जन्म लिया था। और यह उनके 108 वें जन्मदिन पर था कि कई जन्मों के उनके धीरज, संकल्प, दृढ़ता और तपस्या के कारण उन्हें भगवान शिव की पत्नी होने का आशीर्वाद मिला। हरियाली तीज माँ पार्वती की प्रशंसा और भक्ति में मनाई जाती है, जिन्हें तीज माता भी कहा जाता है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और बिहार में हिंदू महिलाएं अपने पति की भलाई और वैवाहिक आनंद के लिए तीज मनाती हैं।

इस खास दिन पर, विवाहित महिलाएं और युवतियां रंग-बिरंगी साड़ियां और चूड़ियां पहनती हैं, हाथों में खूबसूरत मेहंदी लगाती हैं और गहनों से खुद को सजाती हैं। महिलाएं खास गीत भी गाती हैं और खास तौर पर सजाए गए झूलों पर झूलती हैं। हरियाली तीज में झूलों की अहम भूमिका होती है। पेड़ की शाखाओं से खूबसूरती से सजाए गए झूले लटकाए जाते हैं, जिन पर महिलाएं पारंपरिक तीज गीत गाते हुए झूलती हैं। हिंदू महिलाएं इस त्योहार के दौरान भगवान शिव और देवी पार्वती का आशीर्वाद पाने के लिए एक कठिन व्रत रखती हैं ताकि उनका वैवाहिक जीवन सुखमय हो। यह व्रत भाद्रपद की शुक्ल तृतीया तक एक महीने तक चलता है।

# क्षत्रिय राजा रोड समाज संस्था समाज के जनहित कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहेगी : राजेश लाठर

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता



**असन्ध।** छात्र-छात्राएं कड़ी मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करें। बिना मेहनत सफलता हासिल नहीं की जा सकती। उपरोक्त विचार क्षत्रिय राजा रोड समाज संस्था के सचिव राजेश लाठर ने आर्यन सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगाटेहडी व एस एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल पोपड़ा में 30 गरीब तथा मेधावी छात्र छात्राओं को कॉपियां वितरित करने के बाद कहे। परीक्षा में सफलता के लिए कड़ी मेहनत और लगन होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय राजा रोड समाज संस्था समाज के सभी जनहित कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहेगी ।

संस्था गरीब व मेधावी छात्र-छात्राओं की सहायता करती रहेगी। संस्था के प्रधान रणबीर लाठर ने बच्चों को अच्छी शिक्षा व सफलता के बारे में संदेश दिया। दिलबाग मूंड ने कहा कि आज का युवा शिक्षा,खेल व अन्य क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहे है। छात्रों को प्रोत्साहित करने से उनका मनोबल बढ़ता है ।

जिससे वे प्रत्येक क्षेत्र में मेहनत करके उपलब्धि हासिल करते है। स्कूल संचालक सत्यवान टूर्ण व दलबीर टूर्ण ने संस्था के प्रधान व सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य सोहन लाल मुंदडी, परमिंदर रोडवंशी , मनदीप जौली , दिलबाग मूंड , सुमित टूर्ण सहित अन्य मौजूद रहे।

# पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण जरूरी : शर्मा

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता



**असन्ध।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी करनाल डॉ सतपाल के मार्गदर्शन में आयुष आरोग्य मंदिर राहड़ा में लोगों को पौधे वितरित किए।

आयुष आरोग्य मंदिर राहड़ा के प्रांगण में एएमओ डॉ प्रतिभा और आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट रामगोपाल शर्मा द्वारा पौधारोपण किया। आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट रामगोपाल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण जरुरी है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इनसे हमें जहां आक्सीजन मिलती है वही पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी पेड़ पौधों का अहम योगदान होता है। इस अवसर पर योग सहायक रामपाल ,जोनल मैनेजर क्रिड राहुल शर्मा, सुंदर,संजू कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# असंध को जिला बनाने की मांग को लेकर विभिन्न संगठन हुए एकजुट



**असन्ध।** जिला बनाओं संघर्ष समिति के बैनर तले असंध को जिला बनाने की मांग को लेकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विभिन्न संगठनों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान नेता जगदीश झींडा ने की तथा मंच का संचालन दलविंदर सिंह मद्दू ने किया। बैठक में किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी ,मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान व कांग्रेस नेता सतीश बल्हारा , कांग्रेस नेता अनिल जयभारत ,सतपाल गंगाटेहडी व अन्नदाता भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरमुख सिंह ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि असन्ध को जिला बनाया जाए । जगदीश झींडा ने कहा कि असंध उपमंडल करनाल , पानीपत,जींद व कैथल जिलों का केन्द्र बिन्दु है। असंध से इन चार जिलों से प्रत्येक जिले की दूरी करीब 45-45 किलोमीटर है । उन्होंने कहा कि सरकार असंध को 15 अगस्त तक जिला घोषित करें। असंध के जिला बनने पर जिला जींद के सफीदों व कैथल जिले के राजौंद के गांव भी जो असंध में शामिल होना चाहते है उन सरपंचों से रेजूलेशन मांगा जाएगा और गांव-गांव में जाकर लोगों से समर्थन मांगा जाएगा । झींडा ने कहा कि असंध को जिला बनाने की मांग को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा । उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार ने असंध को जिला नही बनाया तो संघर्ष शुरू किया जाएगा। किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी ने कहा कि असंध को जिला बनाने की मांग बहुत पुरानी है और असंध को जिला बनाया जाए ताकि जनता को सभी सुविधाएं क्षेत्र में ही मिले। शेरी ने कहा कि यदि भाजपा सरकार ने असंध को जिला नहीं बनाया तो कांग्रेस की सरकार आने पर चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के मुख्यमंत्री बनते ही असंध को जिला बनाया जाएगा । इस अवसर पर किसान यूनियन के ब्लॉक प्रधान जोगिंदर झींडा , किसान नेता दलविंदर सिंह मद्दू, सिराजुद्दीन दूपेडी,करनैल सिंह, सतबीर सिधड़ , ऋषिपाल आर्य ,अमरीक सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# राजनीतिक संत मनोहर लाल की बदली परिपाटी से दलितों को मिला न्याय : सुदेश कटारिया

## दलित सम्मेलन में गिनाए भाजपा सरकार के दलित हितैषी फैसले

## बीजेपी शासन काल में आई दलित उत्पीड़न की शिकायतों में कमी

स्वास्तिक न्यूज/विनय दीवान

**जींद।** हरियाणा की राजनीति में दलित समाज बदलाव की भूमिका में खड़ा है। आगामी विधानसभा चुनावों में दलित समाज न केवल भाजपा की हैट्रिक लगाने में सबसे बड़ा फैक्टर साबित होगा, बल्कि विपक्ष को संविधान का अपमान करने का जवाब भी देगा। हरियाणा मुख्यमंत्री के चीफ मीडिया को-आर्डिनेटर सुदेश कटारिया दलितों में अलख जगाने का जिम्मा संभाले हुए हैं। जींद जिले के नरवाना स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित दलित सम्मेलन में सुदेश कटारिया ने बीजेपी सरकार के दलित हितैषी फैसलों के साथ दलित महापुरुषों को दिए गए सम्मान बारे अवगत कराया। दलित समाज ने बीजेपी सरकार द्वारा दलितों के हित और नई पहचान दिलाने के खातिर लिए गए फैसलों की सराहना की।






सुदेश कटारिया ने पूर्व मुख्य मंत्री मनोहर लाल को राजनीति संत की उपाधि देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल राजनीति की परिपाटी को बदला, बल्कि दलितों को न्याय दिलाने का काम किया। वर्ष 1966 हरियाणा गठन के बाद कई मुख्यमंत्री आए और गए, लेकिन किसी ने दलितों की सुध नहीं ली, केवल उन्हें वोट बैंक के तौर पर ही प्रयोग किया।

उन्होंने स्पष्ट किया जो भी मुख्यमंत्री आया, वह पुराने ढर्रे पर चला। चहेतों को नौकरियां देने का काम करने के साथ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों को पूरी तरह नजर अंदाज किया। मगर जब साढ़े नौ साल पहले बीजेपी ने हरियाणा की कमान संभाली तो उसने दलितों के लिए एक मसीहा की भूमिका निभाई जिसने दलित हितों के रक्षक बाबा साहेब के बाद दलितों के हितों की चिंता की और उन्हें न्याय दिलाने का काम किया। बीजेपी नेता मनोहर लाल ने साढ़े नौ साल पहले हरियाणा के मुख्य मंत्री की कमान संभाली और दलितों की पीड़ा को समझते हुए त्वरित न्याय और सुनवाई के लिए हरियाणा एससी कमीशन का गठन किया। यही नहीं स्वच्छता में अहम भूमिका निभाने वाले स्वच्छता प्रहरियों की समस्याओं का निवारण और उनके मुद्दों को सुलझाने के लिए सफाई कर्मचारी आयोग बनाया। यही नहीं सबसे बड़ा फैसला मनोहर लाल ने कर्मचारियों के हित में पदोन्नति में आरक्षण देने का लिया, जिससे दलित समाज के कर्मचारियों में खुशी की लहर है और वे मनोहर लाल द्वारा लिए गए फैसले के कायल हैं, क्योंकि हरियाणा गठन से आज तक किसी भी मुख्यमंत्री ने दलित समाज की सुध नहीं ली थी।

### बीजेपी ने दलित समाज के महापुरुषों को दिलाई नई पहचान

सुदेश कटारिया ने कहा कि बीजेपी सरकार ने दलित समाज के महापुरुषों को नई पहचान दिलाने का भी काम किया। भाजपा सरकार द्वारा सरकारी तौर पर महापुरुषों की जयंती मनाने का जो फैसला लिया, उसका असर यह है कि ग्राम पंचायत से लेकर देश की सबसे बड़ी पंचायत (संसद) में सरकारी तौर पर महापुरुषों की जयंती मनाई जा रही हैं। यही नहीं संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का पिपली में भव्य स्मारक प्रस्तावित है।

### भाजपा सरकार ने वंचितों को नौकरी देकर कायम की मिसाल

सुदेश कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने साढ़े 9 साल कसे ऊपर के इस कार्यकाल में ऐसी मिसाल पेश की, जो कभी कोई सरकार सोच भी नहीं सकती थी।

जागरूकता

## निर्धारित दर से ज्यादा राशि नहीं वसुल सकते सीएससी संचालकः मनीष फोगाट

# कहाः समाधान शिविर में यथाशीघ्र किया जा रहा है शिकायतों का निपटारा

स्वास्तिक न्यूज/विशल

सफीदोंः सफीदों के एसडीएम मनीष फोगाट ने कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाले लोगों द्वारा शिकायतें दी जा रही है कि सीएससी सेंटरों पर ली जा रही ऑनलाईन सेवाओं के बदले कुछ सीएससी संचालक निर्धारित फीस से ज्यादा राशि वसुल कर रहे है। ऐसे संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस सम्बंध में उन्होंने उपमंडल में स्थित सभी सीएससी संचालकों को भी निर्देश दिए कि निर्धारित की गई राशि से अधिक राशि वसुलने पर लाईसेंस रद्द किए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सभी सीएससी सेंटरों पर दी जा रही सर्विस की दर सूची सभी सेंटरों पर इंद्राज करवाना सुनिश्चित करें।

यह निर्देश शुक्रवार को उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर की सुनवाई कर रहे एसडीएम मनीष फोगाट ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। एसडीएम द्वारा समाधान शिविर में आई 6 शिकायतों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर निपटारे के लिए सौंपा।

उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे हर कार्य दिवस आयोजित होने वाले समाधान शिविर में उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतों का मौके पर निपटारा करें।



इन समाधान शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर ही शिकायतों के निपटारे की कार्रवाई शुरू कर देते हैं तथा यथाशीघ्र शिकायत का निपटारा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया जाता है। प्रोपर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों को नगर निगम द्वारा निपटाया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित शिकायतों का निपटारा समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में उपस्थित रहकर विभाग से संबंधित शिकायतों का निपटारा कर रहे हैं। इस अवसर पर सफीदों के तहसीलदार राजेश गर्ग, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेश शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसडीओ सुशील कुमार संहित अन्य सम्बधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने लहराया परचम



स्वास्तिक न्यूज/विशल

सफीदों। राजकीय महाविद्यालय सफीदों के एनसीसी कैडेट्स ने 8 से 17 जुलाई तक सीआरएसयू में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। एनसीसी कैडेट्स ने ड्रिल मे प्रथम, लाइन ऑफ क्लीनिंग मे प्रथम, रिले रेस मे प्रथम एवं आर्टिकल राइटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ-साथ कैडेट्स ने आर्मी के लिए जरुरी अपने कौशल में बढ़ौतरी भी की। कैड्ट्स की इस उपलब्धि को लेकर कालेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य डा. प्रदीप शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। अपने संबोधन में महाविद्यालय की प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने कैड्टस को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय के एनसीसी कैड्टस एक दिन राष्ट्र स्तर पर अपना परचम लहराकर कालेज ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र व प्रांत का नाम रोशन करेंगे।

## पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



स्वास्तिक न्यूज/विशाल

**सफीदोंः** आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की जिला स्तरीय बैठक नगर के संजय रोज गार्डन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान नरेन्द्र धीमान ने की। बैठक में राज्य महासचिव अमरीक सिंह चा, राज्य कोषाध्यक्ष पवन राजन, राज्य उप महासचिव सुरेश कुमार, राज्य सचिव राजेंद्र गौतम, राज्य सचिव कश्मीरी लाल, प्रांतीय प्रचार सचिव अजीत कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता व वायदा खिलाफी को लेकर प्रांतीय नेतृत्व द्वारा तीन बड़े आन्दोलनों की घोषणा की जा चुकी है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री बनवारी लाल से मांगों को लेकर बनी सहमति के बाद भी लागू न करना सरकार की ओछी मानसिकता को दशार्ती है। सरकार जान बुझकर टकराव की स्थिति उत्पन्न करना चाहती है। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में पुरानी पैंशन योजना लागू करना, एनपीएस समाप्त करना, एक्सग्रेसिया नीति को बिना शर्त लगाए सेवानिवृत्ति की आयु तक लागू करना, मैडीकल कैश लैस वर्तमान व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए अविलंब लागू करना, टर्म एप्वाइंटमेंट के कर्मचारियों व कौशल कर्मचारियों व पंचायती राज में लगे ट्यूबबेल पंप संचालकों को पॉलिसी बनाकर नियमित करना, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति पर एक स्पेशल इंक्रीमेंट दिया जाना, कैनाल गार्डो को तृतीय श्रेणी का कर्मचारी घोषित करना, पदोन्नति में पांच वर्ष की सेवा शर्त को हटाना, लिपिकों व पंप चालकों को 35400 का वेतनमान देना, पढ़ें लिखे फिल्ड कर्मचारियों को लिपिक बनाना, कम्प्यूटर टैस्ट की शर्त को हटाना व जोखिम भरा कार्य करने वाले कर्मचारियों को रिस्क अलाउंस दिया जाना है। इस मौके पर बंसीलाल, रमेश कुमार, कृष्ण कुमार, हीरामल, हवा सिंह, प्रदीप कुमार, संदीप शर्मा, संजीव भुक्कल,ख अजमेर सिंह, राजबीर अत्री व बलवान सिंह मौजूद थे।

# जिसने हमें जीवन दिया वो मां ही होती है हमारी पहली गुरु : कविता शर्मा

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान






**सफीदों।** आज सफीदों के हेलो इंटरनेशनल स्कूल में गुरु पूर्णिमा का त्योहार बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस दिन को विशेष बनाने के लिए विद्यालय प्रशासन ने बाल सभा का आयोजन किया जिसके दौरान बच्चों को गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में बताया गया। बच्चों को महर्षि वेदव्यास जी का जीवन परिचय विस्तार से बताया गया। सभी बच्चों ने गुरु की महिमा में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया उन्होंने अपनी सभी अध्यापिकाओं के मस्तक पर तिलक किया और फूलों की वर्षा की।

विद्यालय की संचालिका कविता शर्मा ने बच्चो को एक शानदार संदेश दिया, अपने संदेश में उन्होंने बच्चों को बताया कि हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। मनुष्य की पहली गुरु उनकी मां होती है । मां बच्चों को के पालन पोषण के साथ-साथ जीवन -कला की शिक्षा देती है । सभी को अपनी मां का सम्मान करना चाहिए। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में हम अपने बड़ों को समय नहीं दे पा रहे हैं । इससे बहुत सी सामाजिक समस्याएं पैदा होती हैं।

आधुनिक दौर में हम सभी को मिलकर अपने बड़ों को सम्मान देने की परंपरा को जीवित रखना है। भारत देश गुरुओं की भूमि है। महर्षि वेदव्यास जी की जयंती को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। महर्षि वेदव्यास जी ने वेद, पुराण एवं उपनिषदों की रचना की। उनकी कृतियां ज्ञान का भंडार है और उनका प्रभाव सनातन है। आज के समय में हम सच्चे ज्ञान की प्राप्ति नहीं कर पा रहे हैं। मोबाइल एवं अन्य साधनों से अधकचरा ज्ञान प्राप्त करके भटक रहे हैं। चरित्र निर्माण में गुरु का बहुत बड़ा महत्व होता है। बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक उनके गुरु हैं। गुरु में शिष्य के प्रति प्रेम ,सद्भाव एवं समानता आवश्यक है और शिष्य में गुरु के प्रति पूर्ण श्रद्धा की आवश्यकता होती है। गुरुओं को भी स्वार्थ से ऊपर उठकर अपने कर्तव्य का पालन बिना किसी भेदभाव के करना चाहिए ताकि एक मजबूत समाज की नींव रखी जा सके।

कार्यकर्म के समाप्ति पर बच्चो के द्वारा गुरु मंत्र का उच्चारण भी किया गया। सभी छात्रों और अध्यापकों की बदौलत कार्यकर्म का आयोजन काफी सफल रहा जिसमे बच्चों ने काफी अनोखे अंदाज में सबका मन भी अपनी तरफ आकर्षित किया।।

## चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा गांव रायपुर खुर्द में चलाई जा रही अवैध निर्माण पर कार्रवाई का स्थानीय लोगों द्वारा जबरदस्त विरोध

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

**चंडीगढ़।** प्रशासन द्वारा गांव रायपुर खुर्द में चलाई जा रही अवैध निर्माण पर कार्रवाई का स्थानीय लोगों द्वारा जबरदस्त विरोध किया गया। अवैध निर्माण पर की जा रही कार्रवाई का आज दूसरा दिन था लगभग 10-15 वर्ष पुरानी इमारतों पर विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है। चंडीगढ़ प्रशासन की कार्रवाई का विरोध करने पहुंचे निगम पार्षद हरजीत सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री हुकुम चंद, पार्षद मनोज सोनकर, डॉ नरेश पांचाल भाजपा प्रदेश सचिव शशि शंकर तिवारी, सुभाष मौर्य, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सैनी, राजेंद्र जोशी, रविंद्र मलिक, रवि रावत, जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, भरत कुमार, सुरेश कुमार, रूलदा सिंह, ललित रावत, दिलीप यादव अमनदीप सिंह को पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया जिन्हें दोपहर तक मनीमाजरा थाने में रखने के बाद छोड़ दिया गया। भाजपा नेताओं का आरोप है कि प्रशासन पिक एंड चूस से काम कर रहा है। चंडीगढ़ प्रशासन के लिए कार्रवाई देर शाम तक चलती रही इस कार्रवाई में तीन व्यवसायीक ईमारतों को गिरा दिया गया है इन इमारतों में दर्जनों की संख्या में छोटी व्यावसायिक इकाइयां पिछले 10-15 वर्षों से काम कर रही थी और सैकड़ो लोग यहां से रोजगार प्राप्त कर रहे थे।

## मानसून पड़ रहा प्रदेश वासियों पर भारी, लग रहे लंबे बिजली कट, जींद ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया

**पंचकूलाः** भीषण गर्मी के बाद मानसून की बेरुखी के चलते हरियाणा के लोगों को भारी उमस का सामना करना पड़ रहा है। हालात ये हैं कि अगर एक मिनट भी पंखा बंद हो जाए तो शरीर से पसीना टपकने लगता है। लंबे बिजली कटों ने तो लोगों की परेशानी और ज्यादा बढ़ा दी है। अधिकारियों की मानें तो राज्य में बिजली सप्लाई के मुकाबले खपत ज्यादा है, जिसके कारण बिजली कट की समस्या बनी है। बिजली कटों से राहत की बात करें तो सितंबर से पहले इसकी कोई गुंजाइश नजर नहीं आती है। हरियाणा में बिजली सप्लाई का गणित मई महीने में ही गड़बड़ा गया था। यह पहला मौका था, जब हरियाणा में बिजली की मांग अनुमानित मांग से ऊपर पहुंच गई थी। अनुमान था कि भीषण गर्मी के चलते यह डिमांड 11172 मेगावाट तक पहुंच सकती है, लेकिन यह डिमांड 12336 मेगावाट तक पहुंच गई। ऐसे में बिजली कट लगाने पड़े।

### जून में भी बिजली संकट छाया रहा


मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जून में भी बिजली की अनुमानित डिमांड के मुकाबले खपत अधिक रही। इस महीने अनुमानित डिमांड 13884 मेगावाट रखी गई थी, लेकिन खपत 14287 मेगावाट तक पहुंच गई। ऐसे में बिजली कट से परेशान लोग बेसब्री से मानसून के आने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन मानसून ने भी लोगों को धोखा दे दिया। जुलाई में भी लग रहे लंबे बिजली कट मौसम विभाग ने दावा किया था कि हरियाणा में 29 जून तक मॉनसून दस्तक दे देगा। लेकिन, अभी तक मानसून न केवल हरियाणा बल्कि दिल्ली से भी खफा है। कुछ इलाकों में हल्की बारिश के चलते लोगों को अब उमस की समस्या झेलनी पड़ रही है। ऐसे में बिजली की खपत में कोई कमी नहीं देखी गई है। अधिकारियों की मानें तो जुलाई में गर्मी और उमस के चलते 2000 से 2500 मेगावाट बिजली की कमी है। अगस्त में भी 1003 मेगावाट और सितंबर में 1177 मेगावाट बिजली की कमी रहने की संभावना है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता जितेंद्र ढुल का कहना है कि मानसून की बारिश न होने से बिजली खपत में कमी नहीं आ पाई है।

## गुजरात के स्कूल में खौफनाक हादसाः क्लासरूम में लंच कर रहे थे बच्चे, अचानक गिर पड़ी दीवार

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

गांधीनगर। गुजरात में वडोदरा के एक निजी स्कूल में क्लासरूम की दीवार गिरने से अफरा-तफरी मच गई। हादसा इतना खौफनाक था कि, जब दीवार गिरी तो उस वक्त चार से पांच बच्चे भी दीवार गिरने के साथ नीचे जा गिरे।

बाकी बच्चे दीवार की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। वहीं हादसे में घायल बच्चों को फौरन अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज शुरू हुआ। बताया जा रहा है कि, बाकी बच्चे ठीक हैं लेकिन एक बच्चे की हालत गंभीर है। पूरा हादसा स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कैद पूरा मंजर काफी दहलाने वाला है।



### क्लासरूम में लंच कर रहे थे बच्चे, अचानक गिर पड़ी दीवार

दरअसल, स्कूल में जब क्लासरूम की दीवार गिरी तो उस दौरान सभी बच्चे साथ मिलकर लंच ब्रेक पर खाना खा रहे थे और आपस में मस्ती कर रहे थे। उन्हें तनिक भी अंदाजा नहीं था कि उनके क्लासरूम की दीवार भी गिर सकती है। हालांकि, कुछ ही देर में देखते-देखते क्लासरूम की दीवार अचानक से भरभराकर गिर पड़ी और दीवार के साथ मौजूद चार से पांच बच्चे मलबे के साथ नीचे जा गिरे। दीवार गिरने के साथ जोरदार धमाके जैसी आवाज आने से पूरे स्कूल में हड़कंप मच गया। जिसके बाद स्कूल स्टाफ और सभी टीचर भागकर मौके पर पहुंचे।

### यह हादसा चिंताजनक, स्कूल की जांच की जा रही

स्कूल में हुआ यह हादसा घोर चिंताजनक है। हादसे के बाद स्कूल की जांच की जा रही है। स्कूल की बिल्डिंग चार मंजिल की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि स्कूल की बिल्डिंग काफी जर्जर है, हालांकि स्कूल प्रबंधन का दावा है उसके पास तमाम जरूरी सर्टिफिकेट और दस्तावेज हैं।

## तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली कल

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी रविवार को कोलकाता में पार्टी की वार्षिक शहीद दिवस रैली को संबोधित करेंगी। लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद यह रैली होने जा रही है। ममता हर साल शहीद दिवस रैली के मंच से पार्टी की रणनीति की घोषणा करती हैं। साथ ही केंद्र सरकार व राज्य में विरोधी दलों पर जोरदार निशाना साधती हैं। सियासी विश्लेषकों का कहना है कि ममता अबकी बार पार्टी के नेता-कार्यकताओं को लोस व विस उपचुनाव में मिली जबरदस्त सफलता को 2026 के विस चुनाव में दोहराने का मंत्र देंगी। राष्ट्रीय राजनीति को लेकर उनके रूख पर भी सबकी नजर होगी। मालूम हो कि रैली में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी शामिल होंगे। दोनों एक मंच पर आकर आईएनडीआईए गठबंधन की एकजुटता दिखाएंगे।

## हरियाणा में अब पानी की समस्या नहीं बनेगी किसानों की परेशानी

# किसानों को दिए जाएंगे ट्यूबवेल कनेक्शन

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के किसानों का लंबा इंतजार खत्म हो गया है। किसानों को जल्द ही ट्यूबवेल के कनेक्शन दिए जाएंगे। पानी की समस्याओं से किसानों को निजात मिलेगी। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि किसानों की सारी समस्याएं दूर की जाएंगी।

हरियाणा में सभी किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जाएंगे, जिन्होंने एक जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2023 तक आवेदन किया था। सौर ऊर्जा पर आधारित 10 बीएचपी तक के ट्यूबवेल कनेक्शन हरेडा जारी करेगा। वहीं इससे ऊपर 35 बीएचपी तक के ट्यूबवेल कनेक्शन बिजली विभाग द्वारा जारी किए जाएंगे। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. साकेत कुमार ने बताया कि उन्होंने सभी पात्र आवेदकों को मांग पत्र जारी करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।



### माइक्रो इरिगेशन सिस्टम लगवाना अनिवार्य

भूमिगत जलस्तर को ध्यान में रखते हुए ऐसे गांव, जहां पर जलस्तर 100 फीट से नीचे चला गया है, वहां पर ट्यूबवेल कनेक्शन पाने के लिए पात्र आवेदक को माइक्रो इरिगेशन सिस्टम लगवाना अनिवार्य रहेगा। हालांकि जहां जलस्तर 100 फीट तक उपलब्ध है, वहां पर पात्र आवेदक किसान के पास माइक्रो इरिगेशन सिस्टम अथवा भूमिगत पाइपलाइन में से किसी भी एक को लगवाने का विकल्प रहेगा। इसके अतिरिक्त ट्यूबवेल कनेक्शन पाने के लिए पात्र आवेदक द्वारा श्री स्टार एनर्जी एफिशिएंट मोटर पंप सेट लगाने की शर्त भी जारी रहेगी।

### कर्ज में डूबे किसान की बेटी को दी एक लाख की मदद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक बार फिर अपने सरल स्वभाव का परिचय देते हुए कर्ज में डूबे एक गरीब किसान को आर्थिक मदद दी है। मुख्यमंत्री की ओर से उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी ने मुख्यमंत्री के स्वैच्छिक कोष से किसान पुत्री स्वाति को आर्थिक सहायता के रूप में एक लाख रुपये का चेक भेंट किया।

डेरा बस्सी में बदमाशी का नंगा नाच

# बदमाशों ने डायग्नोस्टिक सेंटर पर दिनदाहड़े की गोलीबारी, बोले– 101 गोलियां चलेंगी

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

**मोहाली।** जिले के डेरा बस्सी में बदमाशी का नंगा नाच देखने को मिला है। यहां बदमाश इतने बेखौफ दिख रहे हैं कि उनमें पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है। वह दिनदाहड़े वारदात कर रहे हैं। शनिवार दोपहर डेरा बस्सी के शक्ति नगर कॉलोनी में स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर पर बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने गोलीबारी कर दी। बदमाश डायग्नोस्टिक सेंटर के रिसेप्शनिस्ट के पास एक धमकी भर पत्र छोड़कर फरार हो गए। वहीं इस वारदात के बाद जहां डायग्नोस्टिक सेंटर के सभी कर्मी और आए लोग दहशत में आ गए तो साथ ही डेरा बस्सी में आसपास भी इस वारदात को लेकर लोग सहमे हुए देखे जा रहे हैं। बताया जाता है कि, यह पूरी वारदात शनिवार दोपहर करीब पौने एक बजे की है। जिस समय बाइक सवार होकर आए ये दोनों दो नकाबपोश बदमाश अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर में एंटर हुए।बताते हैं कि, जब बदमाश डायग्नोस्टिक सेंटर में अंदर घुसे। तो उनमे से एक ने सेंटर की रिसेप्शनिस्ट कर्मी उषा को एक पर्ची थमाई। इसके बाद जब बदमाश बाहर निकले तो एक राउंड हवाई फायर कर फरार हो गए। वहीं गोली चलते ही वहां मौके पर अफरा तफरी मच गई।




### बदमाशों की पर्ची में क्या लिखा?

बदमाशों ने जो पर्ची दी उसमें लिखा था- हम कौशल चौधरी गैंग की तरफ से हैं और उनके कहने पर यह काम किया है और अगर आप अपनी सलामती चाहते हो तो दिए गए व्हाट्सएप नंबर द्वारा बात करें। नहीं तो आज एक गोली चली है कल 101 गोलियां चलेंगी। इसको मजाक ना समझें। बताया जा रहा है कि अपोलो सेंटर के मालिक राजेंद्र बंसल के नाम यह धमकी थी।

### पुलिस थाने से कुछ दूरी पर यह डायग्नोस्टिक सेंटर

खास बात यह है कि, यह अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर डेरा बस्सी पुलिस थाने से कुछ दूरी पर स्थित है। इससे समझ आता है कि, शहर में कानूनी व्यवस्था की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। इससे पहले भी कुछ महीनो पूर्व शहर में सरेआम गोलियां चलने की घटनाएं हुई हैं। फिलहाल इस ताजी वारदात को लेकर मौके पर डेराबस्सी पुलिस प्रभारी मनदीप सिंह व अन्य अधिकारियों ने भी दौरा किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वास्तिक न्यूज पेपर के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक विनय दिवान द्वारा बी.डी. कॉर्प प्रिंटिंग प्रैस, प्लॉट न. 42-43, सेक्टर 29, पानीपत-132103 से मुद्रित तथा स्वास्तिक न्यूज कार्यालय गागड़ा मोहल्ला, मेन बाजार, वार्ड न. 8, सफीदों शहर शहर-126112 हरियाणा से जारी। सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता विनय दिवान। मो. 94160-73460, समाचार से सम्बन्धित सभी विवादों का कार्यक्षेत्र सिर्फ सफीदों अदालत में होगा। RNI Reg. No. HARHIN/11380 Email swastiknewssafidon@gmail.com

# डबवाली के परिवार का राजस्थान में एक्सीडेंट, 6 लोगों की हुई मौत, कार से जा रहे थे सालासर

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

**डबवाली:** डबवाली के साथ लगते पंजाब एरिया का एक परिवार कार से राजस्थान के सालासर धाम जा रहा था। जहां राजस्थान के महाजन के पास ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। पीड़ित परिवार डबवाली के साथ लगते पंजाब एरिया की गली का रहने वाला था।

### बच्ची ने अस्पताल में तोड़ा दम

मृतकों की परिजन नीतू ने बताया कि गुरुवार सांय करीब 7 बजे उसके सास- ससुर, दो देवर, दो ननद कार में सवार होकर सालासर के लिए रवाना हुए। वहीं रात्रि करीब 10 बजे राजस्थान के महाजन थाना पुलिस ने जैतपुर टोल प्लाजा के पास भारतमाला सड़क पर कार के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कार में सवार 6 लोगों में से पांच की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है, जबकि एक बच्ची को पल्लू अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। कार बुरी तरह से ट्रक में टकराने से क्षतिग्रस्त हो गई।

### परिवार का मुखिया चलता था ई-रिक्शा

कार में सवार सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। जिसमें मृतक परिवार का मुखिया शिव कुमार (55 वर्षीय) बैटरी का रिक्शा चलाकर



सवारियां ढोने का कार्य करता था। जबकि मृतका आरती 50 वर्षीय जोकि लोगों के घर में झाड़ू पोछा लगाने का कार्य करती थी। मृतक नीरज कुमार (23 वर्षीय) जोकि देवीलाल पार्क के सामने मेडिकल स्टोर चलाने का कार्य करता था। जबकि मृतक की बेटी सुनैना (24 वर्षीय) जोकि बठिंडा में प्राइवेट नौकरी कर रही थी। मृतका भूमि (17 वर्षीय) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डबवाली में 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। मृतक डुग्गू (12 वर्षीय) अरोड़ावंश स्कूल में पांचवी कक्षा का विद्यार्थी था। नीरज गुप्ता उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के गांव नवाबगंज का रहने वाला था जोकि डबवाली में पिछले 40 वर्षों से रह रहा था। जिसने किलियावाली एरिया के डिस्पोजल कॉलोनी में अपना मकान बना रखा था। जिस मकान में नीरज गुप्ता रह रहा था। इसमें उसका बड़ा भाई अनिल गुप्ता भी संयुक्त परिवार के रूप में रह रहे थे। करीब 1 वर्ष पहले अनिल गुप्ता की एक्सीडेंट से मौत हो गई थी। उसके बाद परिवार को चलने का कार्य नीरज गुप्ता के कंधों पर था। नीरज गुप्ता अविवाहित था। भाई के चल बसने से उसके चार बच्चों का पालन पोषण भी उसी के कंधों पर था। वर्तमान में नीरज गुप्ता जिस मकान में रह रहा है। उसमें नीरज गुप्ता का पूरा परिवार मौत की नींद सो गया है। घर में विधवा भाभी व तीन भतीजे एक भतीजी रह गए हैं।।

# युवक से 30 ग्राम अफीम बरामद, मामला दर्ज

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

**सफीदों:** पुलिस ने एक युवक के पास से 30 ग्राम अफीम बरामद की है। गश्त के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आदर्श कालोनी सफीदों का विवेक सिंह उर्फ विक्की नशीले पदार्थ बेचने का काम करता है। इस समय वह हुडा सैक्टर सफीदों के कोने में खेतों के पास नशीला पदार्थ अफीम बेचने के लिए खड़ा है।



सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां पर एक युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस के आने की आहट पाकर वह भागने की कोशिश करने लगा तो पुलिस ने उसे किसी तरह से काबू किया। मौके पर नायब तहसीलदार पिल्लूखेड़ा विकास कुमार को मौके पर बुलाया गया। ड्युटी मैजिस्ट्रेट विकास कुमार के सामने पुलिस ने विवेक सिंह की तलाशी ली तो उसकी निक्कर की जेब से एक पारदर्शी प्लास्टिक की थैली मिली। जिसको खोलकर चैक किया तो उसमें 30 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।


# बीच समुद्र में जहाज के अंदर लगी भीषण आग

### भारतीय तटरक्षक बल ने संभाला मोर्चा



स्वास्तिक न्यूज

गहरे और बीच समुद्र में मौजूद एक जहाज में अचानक भीषण आग लग गई। यह एक माल वाहक व्यापारिक जहाज था जो कि समुद्र में भारत और अंतर्राष्ट्रीय तटों के बीच सामान पहुंचने का काम कर रहा था। जिस दौरान जहाज में आग लगी। जहाज में कई कंटेनर लदे हुए थे। समुद्र के बीच जहाज में आग लगने का पूरा मंजर बेहद भयावह रहा। हालांकि, इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। भारतीय तटरक्षक बल के जवानों ने आग बुझाने के ऑपरेशन को अंजाम दिया। आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर की मदद लेनी पड़ी। जवान हेलीकॉप्टर से जहाज के इर्द गिर्द चक्कर लगा रहे थे। गोवा से करीब 102 समुद्री मील जहाज में आग लग गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस माल वाहक व्यापारिक जहाज में गोवा तट से



लगभग 102 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में जाकर आग लगी। जहाज गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह से श्रीलंका के कोलंबो जा रहा था। इस दौरान आग लगने की वजह से हादसे का शिकार हो गया।

# बांग्लादेश के बिगड़ते हालात पर भारत की पैनी नजर, उठा सकता है यह बड़ा कदम

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

**ढाका:** सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ बांग्लादेश में आंदोलन हिंसक हो गया है। अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। इंटरनेट सेवा भी ठप है। न्यूज चैनलों का प्रसारण भी बंद है। इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति पर उसकी पूरी नजर है। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी निगरानी में जुटे हैं।

### भारतीय नागरिकों को सर्तक रहने की सलाह

बांग्लादेश में रहने वाले 8,500 छात्रों समेत 15 हजार भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने के साथ ही ढाका स्थित अपने उच्चायोग के साथ संपर्क में रहने को कहा गया है। अगर स्थिति और बिगड़ती है तो भारत अपने नागरिकों को वहां से निकालने की व्यवस्था भी कर सकता है। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा सिस्टम (आरक्षण) के खिलाफ काफी हिंसक हो चुके आंदोलन को भारत ने बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताया है। वहां के हालात पर विदेश मंत्रालय पैनी नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर स्वयं पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। विदेश मंत्री जयशंकर भी मामले पर करीबी नजर रखे हुए हैं। हमारे उच्चायुक्त लगातार वहां नजर




बनाए हुए हैं। उन्होंने वहां स्थानीय प्रशासन से भी लगातार संपर्क बना रखा है। वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों के परिजनों से भी आग्रह है कि वह हमारी सूचनाओं पर नजर रखें। हम अपने नागरिकों की हरसंभव मदद करने को प्रतिबद्ध हैं।

### भारत ने बताया बांग्लादेश का आंतरिक मामला

बांग्लादेश की स्थिति को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, 'बांग्लादेश में जारी प्रदर्शन को हम वहां का आंतरिक मामला मानते हैं। हमने भारतीय नागरिकों व अपने छात्रों के लिए सुझाव जारी किया है। 24 घंटे चलने वाला संपर्क नंबर भी स्थापित किया गया है, ताकि भारतीय नागरिक जरूरत पड़ने पर संपर्क कर सकें।

### शेख हसीना ने भारत के साथ रिश्तों को किया मजबूत

भारत की तरफ से इस पूरे प्रकरण को बांग्लादेश का आंतरिक मामला कहना प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए राहत भरी खबर होगी।

### कट्टरपंथी समूहों ने आंदोलन को दिया समर्थन

अभी बांग्लादेश में कुछ ही दिनों में कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन हुए हैं, उससे भारत चिंतित है। एक वजह इस आंदोलन को कुछ कट्टरपंथी समूहों की तरफ से दिया जाने वाला समर्थन है। पीएम हसीना ने भी विपक्षी दल बीएनपी व जमात-ए-इस्लामी पर आरोप लगाया कि वह आंदोलन को हिंसक बनाने में मदद कर रहे हैं। भारत को इस बात की चिंता है कि जमात जैसी कट्टर धार्मिक पार्टी के आंदोलन में आने से इसका स्वरूप बिगड़ सकता है।

पीएम हसीना ने पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ मिलकर हाल के वर्षों में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते को काफी मजबूत किया है।

सनद रहे कि 2023 में जब भाजपा की एक नेता ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी तब कई मुस्लिम देशों ने इसकी भर्त्सना की थी लेकिन शेख हसीना सरकार ने इसे भारत का आंतरिक मामला करार दिया था।

## दो स्थानों से 21 बोतल शराब बरामद

स्वास्तिक न्यूज/अनु शर्मा



**सफीदों:** सफीदों पुलिस ने दो स्थानों से 21 बोतल शराब बरामद की है। पहले मामले में गश्त के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वार्ड 7 का गुरबाज दुकान के पास गली में शराब बेचने का धंधा करता है। सूचख्ना के आधार पर पुलिस ने मौके पर रेड की तो पुलिस पार्टी को देखकर एक व्यक्ति अपने हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लटकाए तेज कदमों से भागने की कोशिश तो पुलिस ने उसे किसी तरह से काबू किया। पुलिस ने प्लास्टिक के कट्टे को खोलकर चैक किया तो उसमें से शराब ठेका देशी की 9 बोतल बरामद हुई। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने गांव मुआना के देवी सिंह को काबू करके उसके पास से 12 बोतल ठेका शराब देशी मार्का कल्ब माल्टा बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों से बरामद शराब के संबंध में परमिट मांगा तो वे कोई परमिट कोई पेश नहीं कर पाए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर झोपड़ी में घुसी, तीन लोग घायल, चालक मौके पर हुआ फरा

स्वास्तिक न्यूज/ सुनिल कमानिया

**रोहतक:** जवाहर लाल नेहरू नहर पर बोहर गांव की तरफ शनिवार को पटरी पर सोनीपत की ओर से आई एक ऑल्टो कार चालक का संतुलन खराब हो गया। जिसके बाद गाड़ी पलटकर एक झोपड़ी में जा घुसी। जिसमें बुजुर्ग महिला प्रेम, धर्मवीर व अनिल समय तीन लोग घायल हो गए। रोहतक जेएलएन नहर की बाई पटरी पर एक ऑल्टो चालक का संतुलन खराब हो गया और गाड़ी पलटते हुए झोपड़ी में जा घुसी। झोपड़ी में बैठे एक बच्चा और महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही आरोपी चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया।



### पुलिस का बयान आया सामने

पुलिस ने बताया कि जवाहर लाल नेहरू नहर पर बोहर गांव की तरफ शनिवार को पटरी पर सोनीपत की ओर से आई एक ऑल्टो कार चालक का संतुलन खराब हो गया। जिसके बाद गाड़ी पलटकर एक झोपड़ी में जा घुसी। जिसमें बुजुर्ग महिला प्रेम, धर्मवीर व अनिल समय तीन लोग घायल हो गए और उनको पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि घायलों की हालत अभी सामान्य है। उधर, आरोपी चालक मौके पर कर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

# हरियाणा के लिए 'केजरीवाल की 5 गारंटियों' का ऐलान

## महिलाओं को 1000 रुपए, बकाया बिल माफ, फ्री इलाज के साथ और भी बहुत कुछ

स्वास्तिक न्यूज संवाददाता

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने 'केजरीवाल की 5 गारंटियों' का ऐलान कर दिया है. ये सभी 5 गारंटियां 'केजरीवाल की गारंटी' नाम से हरियाणा की जनता के सामने लाई गई हैं। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पंचकूला से इन गारंटियों' का ऐलान किया। इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, पार्टी राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पार्टी के संगठन महासचिव संदीप पाठक और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता समेत आप के अन्य नेता मौजूद रहे। ज्ञात रहे कि, आम आदमी पार्टी चीफ अरविंद केजरीवाल इस समय शराब घोटाले के मामले में जेल में हैं। इसलिए वह उपस्थित नहीं रह सके।

### हरियाणा के लिए 'केजरीवाल की 5 गारंटियों' में क्या-क्या?

**1- केजरीवाल की पहली गारंटी**

केजरीवाल की पहली गारंटी 'मुफ्त और 24 घंटे बिजली' देने की है। इस गारंटी में कहा गया है कि, दिल्ली और पंजाब की तरह पुराने घरेलू बकाया बिल माफ किए जाएंगे। साथ ही हरियाणा में पावर कट बंद होंगे। दिल्ली-पंजाब की तरह हरियाणा में 24 घंटे बिजली का इंतजाम किया जाएगा।

**2- केजरीवाल की दूसरी गारंटी**

केजरीवाल की दूसरी गारंटी 'सबको अच्छा और फ्री इलाज' देने की है। इस गारंटी में कहा गया है कि, दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा के हर गांव और शहरों के हर मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे। साथ ही सभी सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प किया जाएगा। साथ ही और नए सरकारी अस्पताल बनाए जाएंगे। गारंटी में कहा गया है कि, हर हरियाणवी का पूरा इलाज मुफ्त में होगा। चाहें उसकी बीमारी बड़ी हो या छोटी। सभी टेस्ट फ्री होंगे। दवाइयां फ्री में मिलेंगी। इससे लोगों के काफी पैसे बचेंगे और उन्हें महंगाई से राहत मिलेगी।

**3- केजरीवाल की तीसरी गारंटी**

केजरीवाल की तीसरी गारंटी में 'अच्छी, बेहतरीन और फ्री शिक्षा' देने की बात कही गई है। इस गारंटी में कहा गया है कि, दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा में शिक्षा माफियाओं का खात्मा किया जाएगा। सरकारी स्कूल इतने अच्छे बनाए जाएंगे कि हरियाणा के लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल से निकालकर सरकारी स्कूलों में भर्ती करवाएंगे।

इसके साथ ही प्राइवेट स्कूलों की गुंडा गर्दी बंद की जाएगी। उन्हें नाजायज फीस बढ़ाने से रोका जाएगा।

**4- केजरीवाल की चौथी गारंटी**

केजरीवाल की चौथी गारंटी में 'सभी माताओं-बहनों को हर महीने 1000 रुपए' देने की बात कही गई है। इस गारंटी में कहा गया है कि, हरियाणा की सभी माताओं और बहनों को हर महीने 1000 रुपए दिये जाएंगे।

**5- केजरीवाल की पांचवीं गारंटी**

केजरीवाल की पांचवीं गारंटी में 'हर युवा को रोजगार' देने की बात कही गई है। इस गारंटी में कहा गया है कि, हर बेरोजगार युवा के लिए रोजगार का इंतजाम करेंगे। पंजाब में मात्र 2 साल में 45000 सरकारी नौकरियां और 3 लाख से ज्यादा लोगों के प्राइवेट रोजगार, दिल्ली में 2.5 लाख सरकारी नौकरियों और 12 लाख से ज्यादा लोगों के प्राइवेट रोजगार का इंतजाम किया।

लोकसभा चुनाव-2024 संपन्न होने के बाद अब हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। चुनावी मैदान में कूदने वालीं सभी पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी में हैं। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने 18 जुलाई को हरियाणा में अकेले पूरी ताकत से विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इस बार हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने नारा दिया है

**-''बदलेंगे हरियाणा का हाल- अब लाएंगे केजरीवाल।'**

# हरियाणा कांग्रेस के विधायक सुरेंद्र पंवार को ईडी ने किया गिरफ्तार, धन शोधन मामले में बनाया गया आरोपी

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

**हरियाणा:** प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक सुरेंद्र पंवार को अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इससे पहले इनेलो के विधायक दिलबाग सिंह की गिरफ्तारी हुई थी।आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पंवार (55) को गुरुग्राम से शनिवार तड़के हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि विधायक को अंबाला में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां केंद्रीय एजेंसी उन्हें हिरासत में भेजने का अनुरोध करेगी। एजेंसी ने राज्य के यमुनानगर क्षेत्र में ह्यह्यबड़े पैमाने पर अवैध खननह्लह्ल के आरोप में पंवार से जुड़े परिसरों पर जनवरी में छापेमारी की थी।





### क्या है मामला?

केंद्रीय एजेंसी ई-रवाना योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है। ह्यई-रवानाह्ल एक ऑनलाइन पोर्टल है, जिसे हरियाणा सरकार ने रॉयल्टी और कर संग्रह को आसान बनाने तथा खनन क्षेत्रों में कर चोरी को रोकने के लिए 2020 में शुरू किया था। ईडी के अनुसार, यह अनुमान लगाया गया है कि कथित अवैध खनन के जरिये पिछले कुछ वर्षों में लगभग 400-500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित किया गया।



### इनेलो विधायक दिलभाग सिंह की भी हुई थी गिरफ्तारी

इसके बाद पुलिस ने इस मामले में यमुनानगर से इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके एक सहयोगी कुलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया था। हरियाणा की 90 सीट के लिए विधानसभा चुनाव इस वर्ष के अंत में होने वाले हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी यमुनानगर और इसके आसपास के जिलों में पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन को लेकर हरियाणा पुलिस की ओर से कई प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। धन शोधन का यह मामला भी इसी से संबंधित है।।

# चंडीगढ़ में करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

**चंडीगढ़।** करंट लगने से युवक की मौत के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। दरअसल चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने मौके पर पहुंचकर जांच की आखिर क्यों करंट लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जांच पूरी होने के बाद उन्होंने बिजली विभाग के एक एक्सईएन और एसडीओ को सस्पेंड कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, 17 जुलाई को चंडीगढ़ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के डिप्टी डायरेक्टर मंगल सिंह के बेटे मयंक की ट्रांसफार्मर से करंट लगने से मौत हो गई थी। यह हादसा उस समय हुआ जब मृतक सेक्टर 8 से जिम से कसरत करने के बाद वापस लौट रहा था। कार के पास पहुंचने के बाद युवक शॉर्टकर्ट लेने के चक्कर में लोहे ग्रिल पर चढ़ गया। इसके बाद युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रांसफार्मर के खंभे से टकरा गया। युवक को करंट लगने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई तुरंत उसे सेक्टर 16 के अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टरें ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चंडीगढ़ के प्रशासक ने कहा कि इस मामले की जांच होनी चाहिए। उनका यह भी कहना था कि 10 दिनों में उन्हें



इस मामले की रिपोर्ट दी जाए। जांच में सामने आया है कि इस मामले को डीसी विनय प्रताप सिंह खुद देख रहे हैं। हादसे के बाद भी पोल पर खुले तार थे। जिन्हें अब तक ठीक नहीं किया गया था। बिजली विभाग की लापरवाही को देखते हुए प्रशासक भड़क गए। इसके बाद प्रशासक ने डीसी विनय प्रताप सिंह को उन्हें जल्द ठीक करवाने के आदेश दिए। चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग को इस मामले में निर्देश दिए गए हैं। वह बिजली के ट्रांसफार्मर और पोल के आसपास रहने वाले लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करें। ताकि करंट लगने से होने वाली मौतों और हादसों को रोका जा सके। इंजीनियरिंग विभाग से कहा गया है कि वह इस मामले में जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपे